**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Issue regarding increasing incidents of sexual assault against girls in the country.

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती):** अध्यक्ष जी, मैं आज देश की बेटियों के लिए न्याय मांगने के लिए खड़ी हुई हूं । इस हफ्ते दो घटनाएं हुई हैं । एक घटना उन्नाव की है और दूसरी घटना हरियाणा की है । उन्नाव में जो घटना हुई है, मैं उसकी निंदा करती हूं । मैं सरकार को विनती करती हूं कि वह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा लगा रही है, लेकिन ग्राउण्ड रियलिटी कुछ अलग है । इसकी एक डिटेल्ड एनक्वायरी होनी चाहिए । हरियाणा में एक घटना हुई है, जो स्कूल की बच्चियां हैं, वे रोज स्कूल जाती थीं और उनके साथ छेड़छाड़ हुआ करती थी । मानेसर में उन्होंने पहले स्कूल में कहा, लेकिन कुछ नहीं हुआ । उसके बाद वे पुलिस स्टेशन गईं, फिर भी कुछ नहीं हुआ । अब वे बच्चियां हाई कोर्ट जा रही हैं । आप सोचिए उन्नाव में जो पीड़ित लड़की है, उसके फादर की सस्पीशियस डैथ भी हुई । एक उन्नाव की घटना हुई है और हरियाणा की भी घटना है । आज हर बेटी खुद को सरक्षित महसूस नहीं कर रही है ।

**माननीय अध्यक्ष:** ऐसा नहीं है, हर बेटी अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है । ये स्टेट के विषय हैं ।

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले :** अध्यक्ष जी, दो बड़ी घटनाएं हुई हैं ।